


## खबर संक्षेप

### बड़भूम में अतिरिक्त कमरे का लोकार्पण कल

**गुरुर।** ग्राम बड़भूम में 14 अगस्त बुधवार को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि वन एवं जल संसाधन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप होंगे। अध्यक्षता सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग करेंगे। विशेष अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पाटएँ बालोद पवन साहू, पूर्व राष्ट्रीय सदस्य बाल संरक्षण आयोग दिल्ली यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बालोद त्रिलोकी साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद मीना साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर प्रभात ध्रुव, जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद आदित्य पीपरे, मेघनाथ सलाम, नंदकिशोर शर्मा, बलराम गोटी, कुलेश्वरी गावड़े, भावसिंग टेकाम होंगे।

### कालेज गुरूर में प्रवेश के लिए आवेदन 16 तक

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश की प्रकिया पूर्ण की जानी है। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु पोर्टल 31 जुलाई से 16 अगस्त तक ऑनलाईन पुनः प्रारंभ की गई है। वहीं शेष पेज 09 पर

आयोजन : आकर्षक रथ पर भारत माता की झांकी के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

# तिरंगे के रंग में रंगा शहर, विशाल तिरंगा यात्रा में जोश व उत्साह से शामिल हुए हर वर्ग के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वतंत्रता दिवस को अभी दो दिन शेष हैं, लेकिन इन दिनों पूरा जिला तिरंगे के सम्मान के साथ जोश और उत्साह से भरा हुआ है। भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में विशाल तिरंगा यात्रा के आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा बालोद शहर राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजनराम भगत सहित नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पवन साहू, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा एवं लीला लाले शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बालोद शहर का भ्रमण किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं



विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दूस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से साराबोर हो गया था। जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में अतिथियों ने भारत माता की पूजा-अर्चना कर एवं राष्ट्र ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के पश्चात विशाल तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा सरदार पटेल मैदान से प्रारंभ होकर घड़ी चौके होते हुए पुराना बस स्टैण्ड, सदर रोड, मधु चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए वापस सरदार पटेल मैदान में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

### कलेक्टर ने दिलाई नशामुक्ति अभियान में भागीदारी की शपथ

कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने की शपथ दिलाई।

### लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्र में बड़ी संख्या में नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्वच्छता दीदियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के लिए आकर्षक रथ भी सजाया गया। इसमें भारत माता रूपी बालिका द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया गया। तिरंगा यात्र में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

## जूनियर ओपन नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप में खेलेंगी डोंडी की दीपिका और माधवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

जूनियर ओपन नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता अंडर-17 चैम्पियनशिप 2024-25 आंध्रप्रदेश के अनंतपुर, में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की दो बालिकाएं दीपिका और माधवी भी छत्तीसगढ़ की ओर से शामिल होंगी। दोनों बालिकाएं प्रतियोगिता में शामिल होने रवाना हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की 5 बालिकाएं दीपिका, तानियारानी, माधवी, अनामिका, टिकेश्वरी अंडर-17 गर्ल्स फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए 15 जुलाई को कोरबा में एनटीपीसी द्वारा आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में शामिल हुई थीं। वहां प्रतियोगिता में उल्लेखनीय खेल के आधार पर दीपिका और माधवी का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।

गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की इन होनहार बालिकाओं का ओपन नेशनल में चयन होने पर बालिका फुटबॉल डोंडी टीम के कोच और क्लब के सेक्रेटरी सन्तु यादव के साथ ही क्लब की अध्यक्ष, संरक्षक हेमन्त तन्ना, पिंटु भूआर्य, रूपेश, पीयूष सोनी, नायक, पीएल सोनवानी सहित सभी साथी खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## जमीन विवाद में जान से मारने की धमकी, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम देवगहन थाना अर्जुंदा निवासी लोकेंद्र साहू ने 12 अगस्त को थाना अर्जुंदा पहुंच कर जमीन विवाद में जान से मारने की धमकी दिए जाने की लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। प्रार्थी ने



बताया कि उनके गांव के खूबलाल यदु पिता गंगाप्रसाद द्वारा न्यायालय के आदेश का उल्लघंन करते हुए विवादित भूमि पर जबरिया दो मजदूर भीषम मंडावी एवं कुलेश्वर ठाकुर ओड़ारसकरी के साथ मिलकर खाद छिड़काव किया गया। वही खूबलाल ने जान से मारने की धमकी दी है। विदित हो कि छगनी बाई पति भगवती यादव ग्राम भंडेरा थाना देवरीबंगला, खूबलाल यदु पिता गंगाप्रसाद, राधा बाई पति स्व संजू यदु एवं लोकेंद्र साहू पिता महेंद्र साहू देवगहन के मध्य भूमि विवाद प्रकरण प्रकरण प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बालोद में चल रहा है। विवाद स्थल पर समझाइश के लिए उपसरपंच कमलेश निषाद, पंच जीवन साहू, दिलीप साहू, डोमन निर्मलकर उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल खपरी (लाटाबोड़) में असामाजिक तत्व मचा रहे उत्पात




**लाटाबोड़।** बालोद विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खपरी (लाटाबोड़) में असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचा रखा है। यहां चारदीवारी फांद कर तोड़फोड़ करना तथा विद्यालय की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना आम बात हो गई है। इतना ही नहीं, विद्यालय परिसर में लगाए गए दर्जनों पौधों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद शिक्षकों ने फिर से पौधे लगाए, लेकिन असामाजिक तत्वों ने बाउंड्री वाल को ही नष्ट कर दिया। इसके साथ ही पानी टंकी की पाइप तोड़ना, शौचालय में गन्दगी करना, शराब पीकर खाली शीशी फेंक देना, नल की टोंटी तोड़ कर फेंक देना जैसी हरकत आए दिन करते रहते हैं। इस संबंध में प्राचार्य यादराम ठाकुर ने बताया कि इस सम्बन्ध में न तो पुलिस विभाग की तरफ से कोई जांच करने आया और न ही शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी इस तरफ ध्यान दे रहे हैं। इसके कारण ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006 (द्वितिय चरण)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **26 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं | कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-30.08.2024 तक |**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-05.09.2024 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923,
राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

पासपोर्ट फोटो

महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |
1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्गः - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर





## खबर संक्षेप

### स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का प्रवचन 14 को



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में 14 अगस्त को गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का एक दिवसीय प्रवचन होगा। साथ ही गुरु दर्शन और समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि जगतगुरु नरेंद्राचार्य भक्त सेवा मंडल द्वारा यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे जारी रहेगा। समस्या मार्गदर्शन पर्ची 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी। इसी दौरान हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### फिलिप्स अकादमी में डॉ. महंत, अमेरिका की शिक्षा प्रणाली को समझा



**रायपुर।** यूएसए के लुईसविले, केंटकी में राज्य विधानमंडलों के राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीएसएल) और राष्ट्रीय विधानमंडल सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित विधायी शिखर सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन के सत्र में बोस्टन अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्था फिलिप्स अकादमी का अवलोकन किया। संस्था के भ्रमण उपरांत वहां के प्राचार्य एवं संचालकों से मुलाकात कर अमेरिका की शिक्षा प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की तथा उन संभावनाओं पर भी चर्चा की, जिससे छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर और भी सुधारा जा सके। भ्रमण के दौरान डॉ. महंत के पुत्र सूरज महंत भी साथ रहे।

### बच्चों ने लगाए पौधे हरियाली का संकल्प

**रायपुर।** सावन माह में अग्रोहा कॉलोनी सेक्टर-1 के बच्चों और कॉलोनीवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी दौरान बच्चों ने खाली गार्डन को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। जहां 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस गार्डन को नगर निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा अनदेखा किया गया, जिसे कॉलोनीवासियों ने मिलकर हरा-भरा करने का संकल्प लिया है। पौधारोपण करने वालों में अमित पांडेय, सुनील जैन, राहुल दिवेदी, सोनल द्विवेदी, सरला जैन, श्वेता, ऋतु पांडेय, माला सोना आदि मौजूद थे।

### जोहार छत्तीसगढ़ कल, देशभक्ति गीत पेश करेंगे कैलाश खेर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा का रंगारंग आयोजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संध्या 6 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने गायक कैलाश खेर एवं साथियों द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। जोहार तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### केंद्रीय मंत्री यादव करेंगे ऑडिटोरियम और ई-ऑक्शन प्रणाली का उद्घाटन

**रायपुर।** केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 12 अगस्त को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, केंद्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेंद्र कुमार भी शामिल होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलित सुविधा, स्टेज, एलईडी स्क्रीन जैसी समस्त सुविधाओं का समावेश किया गया है। इस ऑडिटोरियम में 140 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

# मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दिखाएगी दम, तीन माह के लिए ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मच्छरों पर काबू पाने में असफल नगर निगम अब 70 वार्डों के इनका खात्मा करने निजी एजेंसी की मदद लेगा। इसके लिए 3 माह में 1 करोड़ 24 लाख रुपए का बजट रखा गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने हाल ही में ग्लोबल टेंडर किया, जिसमें 5 कंपनियों ने निविदा भरी। 3 कंपनियां पात्रता की शर्तों पर खरी उतर नहीं पाईं। बाकी 2 कंपनियों में दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर के एएसएन एजेंसी में से कम रेट कोड करने वाली एजेंसी को इस कार्य का ठेका मिलेगा। सोमवार को एजेंसी तय होगी। शहर में सफाई के बाद अब मच्छर उन्मूलन का काम भी ठेके पर दिया जाएगा। यह काम निगम के बूते का नहीं रहा। हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए, न ही धुंआ छोड़ने वाली फॉगिंग मशीन का असर दिखा। ऐसे में नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए निजी एजेंसी के साथ अनुबंध करेगा, जिसमें चयनित एजेंसी फॉगिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव, मैनपॉवर और मशीन लेकर एकीकृत प्लान के तहत काम करेगी, यानी दस जोन के 70 वार्डों में एक साथ मच्छरों पर काबू पाने निजी एजेंसी दम लगाएगी। अनुबंध शुरुआत में 3 माह के लिए होगा। अनुबंधित एजेंसी का काम संतोषजनक पाए जाने पर अनुबंध की अवधि को राज्य शासन से अनुमति लेकर एक माह के लिए और बढ़ाया जा सकता है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जाएगा।

## 70 वार्डों में मच्छरों का खात्मा करने निजी एजेंसी को पहली बार ठेका

- दुर्ग की शिवांगी एजेंसी और नागपुर की एएसएन कंपनी हुई पात्र
- हर महीना 15 लाख खर्च करने के बाद भी शहर से मच्छर कम नहीं हुए



### मुख्यालय में कंट्रोलरूम टोल फ्री नंबर भी

योजना के मुताबिक, शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने नगर निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम खोला जाएगा। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की देखरेख में यह कंट्रोल रूम संचालित होगा। यह प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद से कार्यशील रहेगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जल्द जारी किया जाएगा।

## हाईरिस्क वालों को भीड़भाड़ में मास्क का उपयोग करने की सलाह

# प्रदेश में स्वाइन फ्लू से चौथी मौत, बुखार के साथ सांस फूलने की हो शिकायत तो कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पिछले दो माह से बढ़े मामले, चार मरीजों की अस्पताल में हो चुकी मौत

प्रदेश में स्वाइन फ्लू की दस्तक के बाद उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वालों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बुखार अगर लंबे समय से नहीं छोड़ रहा हो, उसकी वजह से सांस फूलने, चक्कर आने अथवा मानसिक बदलाव के संकेत नजर आते हों तो स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। राज्य में श्वांस संबंधी इस बीमारी की वजह से हाल ही में चार लोगों की मौत हो चुकी है। बिलासपुर में एक ने कल रात ही दम तोड़ा।

स्वाइन फ्लू संबंधी संक्रमण इंफ्लुएंजा-ए (एच1एन1) वायरस की वजह से होता है। इसका जोखिम कम प्रतिरोधक क्षमता अथवा अधिक आयु वालों को होता है। इसकी वजह से सर्दी, गले में खराश, बदन दर्द, सांस फूलने जैसी शिकायत होती है, यह समस्या अगर जल्दी ठीक नहीं हो रही है तो संबंधित शख्स को स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार, यह संक्रमण बारिश के बाद मौसम में आने वाली ठंडक के दौरान होता है। सही समय पर इसका इलाज नहीं होने से दूसरों में इसका विस्तार होने और कई बार जान जाने का जोखिम भी हो सकता है। राज्य में जनवरी से लेकर अब तक स्वाइन फ्लू के मामले सामने आए हैं, जिनमें से दर्जनभर से ज्यादा केस पिछले दो माह के हैं। स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक राज्य में चार लोगों की मौत हो चुकी है, इसलिए इससे बचाव के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का उपयोग करना चाहिए।




### आंकड़े चिंताजनक नहीं

स्वाइन फ्लू के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। अभी बारिश की वजह से इसमें थोड़ी तेजी दिख रही है, मगर आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं। इस संक्रमण से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जिसका बेहतर उपाय मास्क का उपयोग है।

- **डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### मामले आ रहे सामने

स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। आमतौर पर इसका जोखिम अधिक आयु के लोगों अथवा दूसरी बीमारी से पीड़ितों को होता है। स्वाइन फ्लू से मिलते-जुलते लक्षण अगर नजर आएं तो इसकी जांच करानी चाहिए। समय पर दवा लेने से इसके नियंत्रित किया जा सकता है।

- **डॉ. आरके पांडा,** विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट रोग आंबेडकर अस्पताल

### उपाय कोरोना की रोकथाम जैसे

स्वाइन फ्लू भी फैलने वाला घातक संक्रमण है। यहां संक्रमित व्यक्ति के नाक, मुंह से निकलकर वायरस वायुमंडल में मौजूद रहते हैं और थोड़ी असावधानी बरतने वाले को अपना शिकार बना लेते हैं। चिकित्सकों के अनुसार इसके बचाव भी कोरोना महामारी के रोकथाम जैसे ही है। सार्वजनिक वस्तुओं को छूने से बचना चाहिए, समय-समय पर हाथ धोने और चेहरे पर हाथ ले जाने से बचना चाहिए। दूसरे के रूमाल अथवा अन्य कपड़ों से परहेज करना आवश्यक है।

### स्वाइन फ्लू के लक्षण

सर्दी, खांसी गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, थकावट, जी मिचलना, स्वभाव में चिड़चिड़ाहट आना, कभी-कभी उल्टी अथवा दस्त की शिकायत होना।

### स्वाइन फ्लू से बचाव

अधिक आयु, को-मार्बिडिटी वाले भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, मास्क का उपयोग, बार-बार हाथ धोते रहें। समस्या दूर नहीं होने पर चिकित्सक के पास जाएं।

## घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस

# साय बोले- आदिवासियों का सम्मान करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, आदिवासियों का सम्मान करने का काम हमेशा से भाजपा ने किया है। कांग्रेस महज राजनीति करने और घड़ियाली आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं करती। भाजपा ने ही एक आदिवासी को इस राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। भाजपा ने ही देश के राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी को बिठाया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के आरोप पर कहा, आजादी के 75 साल हो गए हैं। हम सब अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं भी आदिवासी समाज से हूं। आदिवासियों का सम्मान भाजपा ने हमेशा किया है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में आदिवासियों के विकास के लिए मंत्रालय का गठन किया गया था। छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी 32 प्रतिशत हैं। उनका समुचित विकास और छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण का गठन भाजपा की सरकार में हुआ है। भाजपा की देन है, जो आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बैठा है। कांग्रेस का काम महज राजनीति करना है। कांग्रेस के घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ होने वाला नहीं।

### मिनीमाता स्मृति दिवस पर 200 होनहारों का सम्मान

**रायपुर।** मिनीमाता अमर रहे के जयघोष के साथ बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने रविवार को अपनी गुरुमाता और अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर 'मिनीमाता स्मृति दिवस' मनाया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पंडरी में स्थापित आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर आदरांजलि दी।

# रजिस्ट्रेशन की रकम के लिए बरसों चक्कर अब 188 ग्राहकों को मिले तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मंत्री ओपी चौधरी के आदेश पर हुई रकम की वापसी
- मकान-दुकान पंजीयन के बाद नहीं किया था सौदा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल यानी सीजी हाउसिंग बोर्ड से रजिस्ट्रेशन की राशि वापस हासिल करने के लिए बरसों से दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर लगा रहे 188 लोगों को अब जाकर राहत मिली है। दरअसल हाउसिंग बोर्ड के ग्राहकों ने मकान-दुकान खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और उसकी राशि भी जमा करा दी थी, लेकिन किसी भी वजह से मकान-दुकान नहीं खरीदा, लेकिन ऐसे ग्राहकों को हाउसिंग बोर्ड रजिस्ट्रेशन की राशि वापस नहीं कर रहा था।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड द्वारा विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के बाद इसकी बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जो लोग प्रोजेक्ट के तहत मकान-दुकान खरीदना चाहते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। रजिस्ट्रेशन के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा मकान या दुकान की कीमत की चार प्रतिशत राशि पंजीयन शुल्क के रूप में जमा कराई जाती है। पंजीयन होने के बाद भी ग्राहक किसी भी कारण से खरीदी करने से इनकार कर देता है तो प्रावधान के मुताबिक, उसकी पंजीयन राशि हाउसिंग बोर्ड को ग्राहक को वापस करनी होती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पिछले कई साल से यह राशि ग्राहकों को नहीं दी जा रही थी।

### दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर काटे

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, राज्य में बड़ी संख्या में हाउसिंग बोर्ड के ग्राहक पंजीयन शुल्क का राशि वापस लेने के लिए संबंधित कार्यालयों से लेकर मुख्यालय के चक्कर काट रहे थे। कुछ ग्राहक ऐसे मामलों को लेकर अदालत भी गए थे। अदालत में जाने के बाद कुछ प्रकरणों में हाउसिंग बोर्ड को पेनाल्टी भी लगी थी। यह पूरा मामला जानकारी जब आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी को मिली तो उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार को इन मामलों के निराकरण का आदेश दिया था। आयुक्त ने ऐसे सभी मामलों की सूची बनवाई और अब जाकर ग्राहकों को पंजीयन की राशि वापस मिलनी शुरू हुई है।

### ग्राहकों को वापस मिले 3 करोड़ रुपए : आयुक्त


इस पहल के परिणामस्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ रुपए मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को उनकी रकम वापस की गई है।

### रविवि में क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू, सांसद ने किया शुभारंभ



**रायपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शुरू किया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा, किताबें जीवन का आधार हैं, प्रमाण हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबें पढ़ने का आव्हान किया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने भाग लिया। अपनी पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने किताबों की अहमियत और जरूरतों को विस्तार से बताया। प्रारंभिक भाषण में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के परियोजना अधिकारी दीपांजन चटर्जी ने बताया कि एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी योजना की स्थापना के तहत जिला पुस्तकालय, रायगढ़ को 87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। एनएमएल अनुदान के लिए राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के लिए 2 करोड़ 23 लाख रुपए और जिला पुस्तकालय के लिए 87 लाख रुपए का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ) की वित्तीय सहायता से की गई थी।

## सूर्यास्त होते सूरज की लालिमा ...



**बालोद।** भारी बारिश के बाद जिले में बादल छंटने से बीते दो दिनों से लोग तपती धूप का सामना कर रहे हैं। वहीं शाम होते ही उमस भरी गर्मी भी लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बदलते मौसम से लोगों के स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। सोमवार को तांदुला जलाशय के पास का यह खूबसूरत नजारा एक तस्वीर में कैद हुआ। जिसमें सूर्यास्त होते सूरज की लालिमा आसमान पर बिखरी हुई है।

### दैवेभो वनकर्मियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों ने नियमितीकरण और स्थायीकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी धरनास्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे।

# राशनकार्ड के लिए महिलाओं को करना पड़ा घंटों इंतजार, डाउन सर्वर ने बढ़ाई परेशानी

- जोरा, लभांडी गांव की महिलाएं शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचीं
- कंप्यूटर बार-बार हैंग, काउंटर पर कर्मचारी भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के रहवासियों के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया, जिसमें जोरा और लभांडी क्षेत्र की महिलाएं विशेष रूप से राशनकार्ड को लेकर शिविर स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचीं। इस दौरान बार-बार सर्वर डाउन होने और कंप्यूटर हैंग होने से महिलाओं को राशनकार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाओं के लिए नए राशनकार्ड पार्षद कार्यालय से वितरण नहीं हो पाने के कारण भी लोगों को शिविर में भीड़भाड़ की परेशानी सहनी पड़ी। निगम के आला अधिकारी इस बात को लेकर हैरान रहे कि लभांडी वालों को नया राशनकार्ड अब तक कैसे नहीं मिल पाया? नगर निगम जोन-9 क्षेत्रवासियों के लिए फुंडहर के बाद कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में अतिरिक्त शिविर लगाया गया। शिविर में लभांडी, जोरा, कृषकनगर, सांईनगर, प्रगतिनगर क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नागरिकों ने राशनकार्ड, आय प्रमाणपत्र, आधारकार्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन किए। इस दौरान जोरा की महिलाओं को नए राशनकार्ड के लिए परेशान होना पड़ा। कई कार्डधारी ऐसे रहे, जिनके नए राशनकार्ड बनने के बाद भी वार्ड स्तर पर वितरण नहीं हुआ था। उन्हें कार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। शिविर स्थल पर राशनकार्ड वाले काउंटर के कंप्यूटर बार-बार हैंग होने से लोग परेशान रहे। भुक्तभोगी महिलाओं ने जब इसका कारण पूछा तो उन्हें जवाब मिला कि सर्वर डाउन चल रहा है, इसलिए वहीं बैठकर इंतजार करना होगा। इसके चलते महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद राशनकार्ड मिल पाया। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य विभाग के स्टाल पर कर्मचारियों की कमी से भी काम प्रभावित रहा। जनसमस्या निवारण शिविर में जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा, जोन के अधिकारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।



### आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

सामाजिक कार्यकर्ता और सांईनगर आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन के मुखिया को बाकायदा विश्वास में लेकर शिविर से संबंधित सक्षम अधिकारियों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ कलेक्टर से प्रभावी पत्राचार करना था, क्योंकि राशनकार्ड से सबंधित जिला खाद्य अधिकारी और खाद्य विभाग के कर्मचारियों की कमी शिविर के दौरान देखी गई। शिविर में नागरिकों से 268 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 178 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। शिविर में 78 नागरिकों ने आय प्रमाणपत्र बनवाए। 31 नागरिकों ने अपने आधारकार्ड में तत्काल सुधार कराया।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी में राकांपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी शब्बीर अहमद विद्रोही के रायपुर आगमन पर नर्मदापारा स्थित कार्यालय में उनका भव्य स्वागत ढोल-बाजे और पुष्पवर्षा से किया गया। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने एकमत से पुरुषोत्तम पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग प्रदेश प्रभारी से की। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से घोषणा कर, जानकारी सदस्यों को दी जाएगी।

पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए श्री विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार करने के बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए अभी से जमीन तैयार करने का दौर चल रहा है। एक सवाल के जवाब में मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि दो उद्योग घरानों के लिए केंद्र सरकार के दो लोग काम कर रहे हैं।

अडाणी व अंबानी के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार है। पहले सीना ठोककर बात करते थे, लेकिन अब पसीना पोंछने को मजबूर हैं। वक्फ कानून संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अंबानी की आठ सौ करोड़ की संपत्ति, जो वक्फ बोर्ड की जमीन है, उसे बचाने के लिए कानून लाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### तीन रंगों के झालर से जगमगाएगा सिर्री स्कूल

**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में जन सहयोग से ग्राम सिर्री के इंदरबती ठाकुर ने स्वप्रेरणा से स्कूल के तिरंगा चबूतरा व प्रवेश द्वार में तिरंगा झालर लाईट के साथ कक्षा 6 वी, 7 वीं और 8 वीं में दो–दो एलईडी ट्यूब लाइट भेंट किया। इससे रात्रि में रास्ते में आने जाने वाले राहगीरों में राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो। इंदरबती ठाकुर के इस कार्य पर ग्राम सरपंच निर्मला पाटिल, प्रधान पाठक आदित्यनाथ गजपाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष कमलदेव ठाकुर, शिक्षाविद वासुदेव बघेल, विधायक प्रतिनिधि ईश्वर यादव, उपाध्यक्ष प्रभा यादव, संकुल समन्वयक खेमलाल ठाकुर, शिक्षक सुकुरमुनी, प्रधान दुकेश मारकंडे, कनक सिंह, तालसिंह डाहरे, मनीष सिंह और गोकुल यादव व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### एक शाम देश के नाम कार्यक्रम 15 को

**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरकेसी फेन्स क्लब द्वारा एक शाम देश के नाम का आयोजन 15 अगस्त को रात्रि 8:30 बजे सरदार पटेल मैदान में किया गया है। मुख्य अतिथि कलेक्टर बालोद इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत रहेंगे। विशेष अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बालोद विकास चोपड़ा, पूर्व राष्ट्रीय बाल संरक्षक आयोग नई दिल्ली यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू, छाया विधायक भाजपा बालोद राकेश यादव, कार्यक्रम प्रभारी समीर खान, संयोजक आरकेसी फेन्स क्लब बालोद राजेश कुमार चोपड़ा उपस्थित रहेंगे।

### निधन

### योगेश कुमार साहू



**डौंडीलोहारा।** ग्राम अंडी निवासी योगेशकुमार साहू पिता स्व संपत साहू 56 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## ग्राम झलमला स्थित गंगानगर कालोनी में 10-11 अगस्त की दरमियानी रात हुई वारदात

# पुलिस निरीक्षक के सूने घर में चोरों का धावा, लाखों के जेवर और नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में अब पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। उनके घरों में भी चोरों की धमक हो गई है। मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में स्थित कॉलोनी गंगा नगर में पुलिस विभाग में एक पुलिस निरीक्षक के घर में सोना, चांदी सहित नकदी रकम की चोरी हो गई है। चोरों ने दरवाजे को तोड़कर घर के अंदर अलमारियों में रखे लाखों के जेवरात और नकदी करीब 15 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिए। आरोपियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

पुलिस विभाग में निरीक्षक के पद पर सुकमा में पदस्थ शशिकांत भरद्वाज ने बताया कि वह छुट्टी पर पिछले माह जुलाई में अपने घर आया था। बड़े भाई का स्वास्थ्य अत्याधिक खराब होने के कारण उसे रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। भाई के साथ ही उपचार कराते रायपुर में रूके थे। झलमला निवास स्थान में कोई भी नहीं था। ताला बंद कर उपचार कराने चला गया था। इस दौरान 11 अगस्त को सुबह 8 बजे पड़ोसी लीला पटेल ने फोन कर बताया कि आपके घर के मेन गेट लकड़ी के दरवाजे को किसी ने तोड़ दिया है। जानकारी पर वह अपनी मां के साथ रायपुर से निवास स्थान झलमला आया। घर पहुंचने पर देखा तो अज्ञात चोर ने 10 और 11 अगस्त के दरम्यानी रात्रि में सामने का लकड़ी का मुख्य दरवाजा तोड़कर घर अंदर घुसकर पेटी व आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली है।

### 12 तोले से ज्यादा सोने की चोरी

उन्होंने बताया कि सोने की हंसली 30 ग्राम, सोने का रानीहार 40 ग्राम, सोने का गुलबंद 10 ग्राम, दो नग सोने का बच्चों की पतली चेन 5–5 ग्राम, सोने का एक नग मंगलसूत्र 5 ग्राम, सोने की 4 नग अंगूठी 20 ग्राम, एक नग सोने का कान का टाप्स 8 ग्राम, छोटे छोटे सोने के नाक की फुल्ली 04 ग्राम, 2 जोड़ी चांदी का पैर पट्टी करीबन 400 ग्राम व नगदी रकम 15,000 रूपये कुल करीबन 3,80,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है।




### चोरों के हौसले बुलंद, घटनाओं को लगातार दे रहे अंजाम

बालोद कोतवाली थाना क्षेत्र सहित जिले के गुंडरदेही, गुरुर, दल्लीराजहरा, अर्जुन्दा और डौंडीलोहारा थाना क्षेत्रें में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। हालाकिं पुलिस प्रशासन चोरों को पकड़ने में एड़ी चोटी की जोर लगाकर चोरों को पकड़ने में सफल हो रहे हैं, लेकिन कई घटनाओ में अब तक पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है। चोरों द्वारा सूने मकानों पर नजर रखकर उन मकानों को निशाना बनाया जा रहा हैं और चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। झलमला में पुलिसकर्मी के घर में हुए चोरी के मामले में चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कोतवाली पुलिस छानबीन में जुट गई है। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि इस मामले में जांच कर रहे हैं। अज्ञात चोरों के सुराग ढूंढ रहे हैं, बहुत जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## घोटिया स्कूल के बच्चों ने निकाली नशामुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय घोटिया में नशा उन्मूलन अभियान के तहत नशापान निषेध के लिए शाला परिसर में शपथ दिलवाई, साथ ही हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा नारे के साथ बच्चों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर शाला परिवार से प्राचार्य डीएस वर्मा, एन ठाकुर, आरसी कौर, वाई सुधाकर, नरोत्तम यदु, टीकेश्वर सिन्हा, नेतराम साहू, बी अंजुम, वाई देवांगन, जेके यादव, के कृषाण, आरएस नेता, शाला नायक अमित कुमार, भृत्य परमेश्वर पटेल, रवि आर्य सहित छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।



## पीआरओ ने नशामुक्ति अभियान में सहभागिता की दिलाई शपथ



**बालोद।** भारत सरकार के नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय बालोद स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय में जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु शपथ दिलाई।

ठाकुर ने अपने कार्यालय के कर्मचारियों को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत बदलाव की शुरूआत अपने आप से करने को कहा। इस दौरान उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को अपने समुदाय, परिवार, मित्रें को नशामुक्त कराने तथा सब मिलकर अपने जिले एवं राज्य को भी नशामुक्त कराने हेतु दृढ़ निश्चय करने को कहा। इस अवसर पर जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, वाहन चालक राजेन्द्र कुंजाम, चौकीदार कृष्ण शरण साहू सहित रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा गुंडरदेही मंडल की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश के आह्वान पर 11, 12 व 13 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक घरों में तिरंगा झंडा फहराया जा रहा है। इसी के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय में रखी गई।

बैठक में बैठक प्रभारी बालोद के पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ने के लिए तिरंगा यात्रा के साथ–साथ घरों में तिरंगा फहराया जा रहा है। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत जिन्होंने अभी तक पौधारोपण नहीं किया है, उन्हें पुनः प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के विभाजन के समय लाखों हिंदुओं की हत्या हुई। इस त्रसदी को याद करते हुए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को मनाया जाएगा।

बैठक में पार्टी के मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकार, मोहन जैन, अश्विनी यादव, इंद्रपाल चंद्राकर, सतीश महोबिया, सौरभ चोपड़ा, प्रमोद जैन, राजू अग्रवाल, कोमल सोनकर, श्रीकांत वर्मा, नरेंद्र यादव, दिलीप कुल्हाड़े, विनोद चंद्राकर, हरीश निषाद, लेखराम साहू, मुकेश साहू, मोपेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**गुण्डरदेही।** नगर के हाई स्कूल के छात्र–छात्राओं ने सोमवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा हाई स्कूल से बस्ती होते हुए धमतरी चौक तक निकाली गई। भाजपा मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा, हेमंत सोनकर, लालवीर राजपूत, सूरज यादव ने तिरंगा यात्र का गुलाब फूलों से स्वागत किया।

## पिकअप की चपेट में अपने से छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

वाहन चालकों की लापरवाही से फिर एक बार 19 साल की छात्रा की कॉलेज जाने के दौरान चारपहिया वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

■ परसतराई से अर्जुंदा के बीच हुई दुर्घटना

घटना सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। परसतराई निवासी याचना देशमुख पिता टीकेश देशमुख 19 वर्ष अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा जहां वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्र थी जा रही थी। वह अपने गांव से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी में ही पहुंची रही होगी तभी विपरीत दिशा अर्जुंदा की ओर से काफी तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एके 8834 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि छात्रा को चपेट में लेने के बाद वाहन लगभग 200 फीट आगे जाकर पलट गया। वहीं, दुर्घटना में पिकअप चालक भी अपने वाहन के सामने के कांच को तोड़ कर बड़ी मुश्किल से बाहर निकला। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 108 के माध्यम से छात्रा को लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जीतू विश्वास गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा पहुंचे और इस बड़ी दुखद दुर्घटना में संवेदना व्यक्त किया। अर्जुंदा तहसीलदार प्रीतम साहू ने परसतराई पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। थाना अर्जुंदा के द्वारा मामले में मार्ग कायम करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुंडरदेही रवाना किया। थाना अर्जुंदा पुलिस द्वारा मामले में जांच शुरू कर दिया है।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर ने रविवार को वार्ड 11 और 12 का सघन दौरा किया। इस दौरान नगर के 11 और 12 वार्ड के निवासी तथा नगर के भूमिहीन जिनके पास खुद का आवास के लिए जमीन नहीं है, ऐसे चिन्हित लोगों को समस्या का निराकरण कर जल्द से जल्द पट्टा दिलाने की मांग जिला प्रशासन और प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास इस समस्या के समाधान के लिए जाने की बात प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कही। काफी वर्षों से आवास की बाट जोह रहे वार्ड वासियों का आवास स्वीकृत है, पर पट्टा नहीं होने के कारण मकान नहीं बन पा रहा है कई लोगों के पास पुराना पट्टा है, जो प्रशासनिक रूप से नहीं माना जा रहा है सभी त्रुटियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मौका स्थल पर मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र निषाद, धनेश यादव भाजपा, गोपी साहू सहित नगर के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

देवलाल ठाकुर ने कहा कि पट्टा वितरण स्थल के हिसाब से विसंगति दिखता है। इस पर जिला कलेक्टर से चर्चा की जाएगी।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय रानाखुज्जी में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक






**डौंडीलोहारा।** संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन संकुल केंद्र रानाखुज्जी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में काउंसलर, शिक्षाविद, डॉक्टर एवं मनोवैज्ञानकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लगभग 250 पालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोषी भुआर्य जनपद सदस्य थीं, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य आरके इंदौरिया ने की। विशेष अतिथि पोषणबाई तारम सरपंच ग्राम पंचायत रानाखुज्जी, शिक्षाविद शत्रुघ्न सिंह खरे, बीआर रात्रे, ग्राम पटेल चित्रसेन साहू डॉ एशुराम साहू उपस्थित रहे। सभा में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए नोडल शिक्षकों ने 12 बिंदुओं के साथ ही उल्लास एप की जानकारी दी। पालकों ने भी अपने विचार रखे और एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएस बढेंद्र व्याख्याता, बलराम सोनकर प्रधान पाठक ने किया। सीएसी भागवत इदौरिया ने दामिनी ऐप की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया।




**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)**

-: राजस्व मामले में सूचना :-

रा.प्र.क्र.-202407243200010, अ/27 वर्ष 2023-24
क्रमांक /1167/प्र-1/तह./2024

अर्जुन्दा, दिनांक 06/08/ 2024

मनबोध ........ आवेदक

विरुद्ध

हेमीन बाई ........ अनावेदिका

प्रति,

हेमीन बाई पति स्व. दुरदेशी,
निवासी रमतरा, तह. गुरूर, जिला बालोद,

उपरोक्त अनावेदिका को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनबोध आ. सुधुराम, जाति तेली, निवासी ग्राम नवागांव, तह. अर्जुन्दा द्वारा ग्राम नवागांव, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद स्थित भूमि ख.न. 155, 492, 511, रकबा क्रमशः 0.63, 0.42, 0.06 हे भूमि का आपसी बटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 28.08.2024 को कार्यालय तहसीलदार अर्जुन्दा में समय 11:00 बजे होगी।

अतः जरिया इस नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में पेशी दिनांक 28/08/2024 को स्वतः /मुख्तियार / विधि मान्य अभिभाषक के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। सुनवाई दिनांक में अनुपस्थित रहने पर आपका पक्ष समाप्त किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।

यह राजस्व मामले में नोटिस आज 06.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)

### लोगों के घरों में मिले 8 कुएं, पानी किया शुद्ध


**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार ड्राई डे पर वार्ड क्रमांक 27 पहुंची। जब घर-घर जाकर पूछा गया आठ कुंए मिले । सभी कुएं को खुलावा करके उसमें ब्लीचिंग पाउडर डाला गया ।

पेज 7 का शेष

### कालेज गुरूर में प्रवेश ...

महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सीट संख्या उपलब्ध है। इसके आधार पर महाविद्यालय में प्रवेश फार्म बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी योग, एन एजुकेशन, बीएससीआईटी प्रथम वर्ष में आवेदन ऑनलाईन कर उसकी हार्डकॉपी संलग्न दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं।






## खबर संक्षेप



### प्रमोद जैन को मिला दिव्यांग सशक्त सम्मान

**अंडा।** प्रमोद जैन (सिंघल) को 2024 दिव्यांग सशक्त सम्मान प्रदान किया गया है। आरके किड्स रनवे में आत्मनिर्भर दिव्यांग सशक्त सम्मान 2024 होटल श्यामा ट्रायट्न रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल सांसद, टंकराम वर्मा खेल मंत्री, संपत अग्रवाल विधायक बसना, अभिनेत्री हेमा शर्मा, गौरव अग्रवाल, दर्शन सिंग, राकेश सोनी, हितेश बाफना की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ छत्तीसगढ़ प्रमोद जैन सिंघल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और पालक थोड़ा सहयोग कर बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचा सकते हैं।

### महाविद्यालय में मना अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के संयुक्त तत्वावधान में 12 अगस्त सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया एवं 'नशा मुक्ति भारत अभियान' के अंतर्गत एड्स जागरूकता व विश्व हाथी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। इस अभियान के तहत रंगोली, भाषण, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन के साथ-साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टॉफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### स्कूल में शिक्षकों व बच्चों ने नशे से दूर रहने की शपथ

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ में सोमवार को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य सीएल सिन्हा ने नशे के दुष्प्रभाव को समझाते हुए सभी बच्चों व शिक्षकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके साथ ही नशे से दूर रहने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### पान ठेले में घुसी स्कार्पियो, जुर्म दर्ज

**पाटन।** तेज रफ्तार स्कार्पियों वाहन हादसे का शिकार हो गई है। घटना पाटन थाना क्षेत्र का है। गजानन्द पेट्रोल पम्प के सामने में स्कार्पियो सीजी 07 सीटी 7432 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए पान ठेला में वाहन को घुसा दिया। वाहन मालिक पाटन के इंद्रा नगर निवासी है। अपने परिवार के सांथ दुर्ग की ओर वाहन में जा रहा था। तभी हादसा होना बताया जा रहा है। वाहन में दो बच्चे और पति पत्नी सवार थे। वाहन परखच्चा उड गया है।

शासकीय विद्यालय कलंगपुर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान की गई थी तोड़फोड़

# शासन-प्रशासन की लापरवाही का दंश झेल रहे विद्यार्थी व शिक्षक, शाला प्रांगण में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर का प्रांगण खेत में बदल गया है। यहां किसी ने धान नहीं बोया है, बल्कि पानी भरने के कारण स्कूल मैदान में घास उग आए हैं, जो खेत में लगी फसल की तरह दिख रहे हैं। यह स्थिति शासन प्रशासन की लापरवाही के कारण निर्मित हुई है। प्रदेश में पिछले शासनकाल में तात्कालीन मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान स्कूल प्रांगण में की गई तोड़ फोड़ का दंश विद्यालय के विद्यार्थी आज भी झेल रहे हैं।

- मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान की गई तोड़फोड़ के बाद किसी ने नहीं दिया ध्यान




प्रार्थना स्थल एवं खेलकूद मैदान में बारिश के दिनों में पानी भरने से विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के बच्चों को मुख्य गेट से स्कूल परिसर तक पहुंचने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। यहाँ के स्कूल खेल मैदान में संकुल स्तरीय से लेकर ब्लाक स्तर का खेलकूद भी यहां आयोजित होता है। पिछले माह यहां ब्लाक स्तरीय रब्बी खेल का आयोजन हुआ था। देखा गया कि उस दिन इसी कीचड़ से भरे मैदान में बच्चे रब्बी खेल प्रतियोगिता में भाग लिये। आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व है, जहां स्कूल का मार्च पास्ट एवं पीटी परेड कार्यक्रम कीचड़ की वजह से होना संभव नहीं दिख रहा है।

### अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन, नहीं हुआ निराकरण

प्राचार्य टीएस कोल्हे ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही, अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को उक्त समस्या से अवगत करा दिया गया है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपा गया है। लेकिन, अब तक से किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है।

पूर्व मुख्यमंत्री के कलंगपुर आगमन के समय स्कूल परिसर का बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया था। इसके साथ ही फुटबॉल पोल को उखाड़ा गया था, जो महीने भर तक खुला रहा। उसके कारण विद्यालय के गार्डनिंग को काफी क्षति हुई। और अधिक क्षति न हो इसको ध्यान में रखते हुए प्राचार्य के अथक प्रयास एवं जन सहयोग से भविष्य में और दीवार न तोड़ना पड़े यह सोचकर गेट निर्माण कराया गया। वर्ल्ड विजन द्वारा फुटबॉल पोल लगा था उसको उखाड़ा गया था, जो कि आज तक नहीं लगा है। इसके कारण फुटबॉल खिलाड़ी खेल से वंचित हैं। प्रार्थना स्थल में शेड निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। विकासखण्ड का सबसे बड़ा विद्यालय होने का गौरव प्राप्त करने वाले स्कूल में कुल 375 विद्यार्थी अध्ययनरत करते हैं। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने शासन-प्रशासन से उक्त समस्या के निवारण का आग्रह किया है।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा उतई मंडल की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाने व लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल की ओर से हर घर तिरंगा चलाया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को भाजपा उतई मंडल की बैठक ग्राम अंडा रेस्ट हाउस में हुई।

जिले में 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गत वर्ष कि भांति इस बार भी यह अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान व मार्गदर्शन में चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव घर घर दस्तक देंगे साथ ही सभी घरों पर तिरंगा लगाने के बाद भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर देश भक्ति की भावना जगाएंगे जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलग अलग दायित्व भी प्रदान किया गया,प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा हैं कि विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं कि व आस पास सफाई कर अभियान चलाया जायेगा। जिला मंत्री रोहित साहू ने कहा कि महतारी वंदन के हितग्राहियों के घर एवं सभी प्रधानमंत्री आवास में भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण के साथ ही तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने दिया। संचालन अजीत चंद्राकर किसान मोर्चा जिला महामंत्री व आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पुकेश चंद्राकर, टीकाराम साहू,प्रवीण यदु,करन सेन,डिलेश साहू,चंदू देवांगन, शुभम वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अधिकारी-कर्मचारियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने भारत सरकार के नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अधिकारी–कर्मचारियों को नशा मुक्ति भारत अभियान में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु शपथ दिलाई।

इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों ने नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराने की शपथ ली। इसके अलावा सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने की भी शपथ ली। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने भी संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी–कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय ने भारत सरकार द्वारा नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ 15 अगस्त 2020 को किया गया था। आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2024 को नशामुक्ति भारत अभियान का 05 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके उपलक्ष्य में 12 अगस्त को जिले के सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों में शपथ का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय संस्थाओं एवं कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अपने परिवार, समाज, राष्ट्र, मित्र एवं आसपास के लोगों को नशामुक्त कराने में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने तथा स्वयं को नशामुक्त बनाने की शपथ ली। इसके अंतर्गत कृषि विभाग के कार्यालय में उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने, पशु चिकित्सा विभाग में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. शिवहरे तथा लोक निर्माण विभाग में अनुविभागीय अधिकारी नाथ द्वारा, जिला जनसंपर्क कार्यालय में जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यालय में सहायक संचालक आकांक्षा सिन्हा द्वारा अधिकारी–कर्मचारियों को नशामुक्ति अभियान अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु शपथ दिलाई गई। इसके अलावा आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में भी शपथ का आयोजन किया गया।

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के रहने वाले हैं तीनों आरोपी

## एटीएम कार्ड बदलकर लाखों की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कोतवाली पुलिस ने एटीएम कार्ड को बदलकर लाखों की ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के कब्जे से 142 नग एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल, एक स्वीप मशीन सहित 25 हजार रुपए नगदी रकम बरामद किए हैं। आरोपी उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के रहने वाले हैं।




दरअसल तीनों आरोपी लोगों की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड को बदलकर अपने पास रखे एटीएम कार्ड को थमा देते थे और लोगों के एटीएम कार्ड को अपने पास रखकर उसमें से पैसे निकाल लेते थे। तीनों आरोपी बालोद सहित कवर्धा, सुकमा, राजनांदगांव, सरगुजा, कोरबा, दुर्ग बेमेतरा सहित अन्य जिलों में भी इसी तरह से लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

### चोरों को पकड़ने में पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

पुलिस की टीम आरोपियों तक सीसीटीवी फूटेज की मदद से पहुंची। उसके बाद आरोपियों का सुराग मिलते ही पुलिस जिला के पुरूर बस स्टैण्ड के पास पहुंचे, जहां तीन लोग एटीएम मशीन के पास जा जाकर रेकी कर रहे है, साथ में थैला रखे थे। इस दौरान थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में जाकर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपियों से पुछताछ करने पर बताये कि तीनो दो वर्ष पुर्व आपस में संपर्क होने के बाद तीनों मिलकर एटीएम बदली कर ठगी करने का प्लान बनाये थे। तीनों छत्तीसगढ़ आकर एटीएम बदली कर लोगों के पैसा निकालने का काम करते हैं और आगे जाकर पैसा निकाल लेते थे। तीनो मिलकर बालोद, कवर्धा, राजनांदगांव, सरगुजा, कोरबा, दुर्ग, बेमेतरा, जिलों में भी जाकर 3–4 बार एटीएम एक्सचेंज कर ठगी कर चुके हैं।

### 142 एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल व नकदी बरामद

पुलिस ने पकड़े गए तीनो आरोपियों के कब्जे से 142 नग एटीएम कार्ड जिसे लोगों से ठगी करके रखे हुए थे, एक मोटरसाइकिल, 27 हजार नगदी रकम, पर्स व 5 नग मोबाइल, एक एटीएम स्वीप मशीन को भी बरामद किए हैं। आरोपी जगप्रीत सिंह गुजराल उत्तरप्रदेश, शंकर सिंह चौहान राजस्थान और राजा वर्मा मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। तीनों को रिमांड पर जेल भेजा गया है।

अधिकारी के कार चालक ने लगाया आरोप

## निजी वाहन में सरकारी फंड से डलवाया पेट्रोल, अपर कलेक्टर से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में अफसरशाही का मामला सामने आया है, जहां एक प्रभारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पर सरकारी वाहन का दुरुपयोग और सरकारी फंड से अपने निजी वाहन में पेट्रोल भरवाने का आरोप लगाते हुए अपर कलेक्टर से लिखित शिकायत की गई है।

जिले के युवा डिप्टी कलेक्टर एवं गुरुर की प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी प्राची ठाकुर पर यह आरोप कोई और नहीं बल्कि 23 जुलाई से 4 अगस्त तक ड्यूटी के समय साथ चलने वाले उनका सरकारी वाहन चालक ने लगाया है।

गुरुर अनुविभागीय अधिकारी पूजा बंसल के अवकाश पर जाने के बाद प्राची ठाकुर को उनकी जगह गुरुर प्रभारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बनाया गया है। उनका सरकारी वाहन कमल किशोर गंगराले नामक ड्राइवर चलाता था।

अधिकारी के साथ महज 10 दिन साथ चलने वाले शिकायतकर्ता ड्राइवर ने बताया कि 23 जुलाई को अनुविभागीय अधिकारी प्राची ठाकुर ने सरकारी वाहन से अपने निजी कार्य से उन्हें दुर्ग–भिलाई और रायपुर ले गईं। वहां वापसी में रात 11 बजे दुर्ग निवास में गाड़ी और अधिकारी को छोड़ बस से वापस बालोद लौटा। इसी तरह 27 जुलाई को दोबारा अपने निजी कार्य से सरकारी वाहन के साथ उन्हें रायपुर ले गईं। यही नहीं अधिकारी पर 29 जुलाई को अपनी निजी कार में सरकारी फंड से 50 लीटर पेट्रोल भरवाने का भी आरोप उसने लगाया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब शिकायतकर्ता ड्राइवर ने अधिकारी से गाड़ी में डलवाए गए 50 लीटर पेट्रोल की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड (लॉग बुक) में चढ़ाने के लिए उनसे पूछ लिया। कार चालक ने आरोप लगाया कि उनके सवाल का जवाब दिए बगैर ही उन्हें हटाकर दूसरे को ड्राइवर को रख लिया गया। वहीं उसने छुट्टी के दिनों में छुट्टी नहीं देकर उन्हें सरकारी वाहन के साथ निजी कार्य के लिए रायपुर, भिलाई ले जाने का भी आरोप लगाया है।



### शिकायत मिली है

प्रभारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्राची ठाकुर के खिलाफ शिकायत मिली है। डिप्टी कलेक्टर का पक्ष भी जाना जाएगा। तथ्यों की जांच के बाद ही अगर गलत हुई, तो कार्रवाई की जाएगी।

**- चंद्रकांत कौशिक,** अपर कलेक्टर।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल द्वारा ब्लॉक के अनेक ग्रामों में तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर पार्टी के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। साथ ही गुरुर ब्लॉक के युवा मोर्चा के युवा साथियों ने बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम सफलता पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश अनुसार जन जनता तक देशहित, राष्ट्रहित के प्रति भावना जागृत करने वाला यह कार्यक्रम रहा।



कार्यक्रम में हमारे भारतीय जनता पार्टी के मंडल गुरुर के मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नगर पंचायत गुरुर के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, मंडल के महामंत्री भुवन साहू, स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक दुर्गानंद साहू, मंडल गुरुर के कोषाध्यक्ष तेजराम साहू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य पीपरे, महामंत्री खेमलाल देवांगन, जनार्दन सिन्हा, तमराज सिन्हा, तिरंगा यात्र के प्रभारी युवा मोर्चा के महामंत्री अजेंद्र साहू, सह प्रभारी मितेश साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झालेंद्र सिन्हा, ओम शंकर साहू सूपेश साहू, शशिकांत जगदाले, धर्मेंद्र साहू, तिरंगा यात्र गुरुर नगर से निकलकर ग्राम धनेली से बोड़रा, बासीन, गंगोरीपार, कंवर, पेडरवानी, पेरपार, फागुनदाह, उसरवारा, भर्रीगांव, आनंदपुर, कुम्हारखान, कनेरी, कुलिया, बोहारडीह होते हुए वापस गुरुर में हुआ।

### स्वतंत्रता दौड़ कल, सरदार पटेल मैदान में होगा कार्यक्रम

**बालोद।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को बालोद में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से सुबह 07.30 बजे से प्रारंभ होगा। स्वतत्रंता दौड़ सरदार पटेल मैदान से घड़ी चौक, संजारी क्लब, सर्किट हाउस होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में समाप्त होगी। उन्होंने जिले के सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारियों, विद्यालय–महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, समस्त खेल संघ के अधिकारियों से स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## पुलगांव में हुई निषाद समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा




छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन युवा प्रकोष्ठ द्वारा दुर्ग जिला कार्यालय पुलगांव में बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद एवं जिला युवा प्रकोष्ठ व समस्त परिक्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शामिल हुए।

समस्त परिक्षेत्र में जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर सामाजिक संदेश कार्यक्रम चलाने पर प्रस्ताव बना। वहीं, जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने बताया कि दुर्ग जिला के अंतर्गत सभी परिक्षेत्र में जाकर समाज के युवा, महिला, बुजुर्ग को सामाजिक शिक्षा नशा मुक्त, सामाजिक नियमावली, सामाजिक युवा महिला प्रकोष्ठ को संगठन करना तथा राजनीति भागीदारी एवं समाज संगठन को मजबूत करने में जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 13 परिक्षेत्र में प्रत्येक रविवार को समाजिक संदेश के तहत जागरूकता अभियान समस्त परिक्षेत्र में चलाया जाएगा। प्रथम बैठक नगपुरा परिक्षेत्र से 1 सितंबर से की जाएगी। समस्त परिक्षेत्रीय प्रभारी अध्यक्ष व युवा प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ गांव प्रमुख पचगैह के समस्त पदाधिकारी बैठक में शामिल रहेंगे। वहीं, बैठक में जिला सचिव संतोष जलतरे तेजराम निषाद हेमवती निषाद वरुण निषाद भीम सिंह निषाद विनोद निषाद जोगेंद्र निषाद सोमनाथ निषाद सुदामा निषाद प्रकाश निषाद पुनमराम निषाद रोशन निषाद सोमप्रकाश निषाद सगनू राम निषाद तिलक निषाद अगराहित निषाद केशव निषाद सान्तनू निषाद गौतरिहा निषाद पंकज निषाद गिरजा शंकर संतोष निषाद सुनील निषाद अनुज राम निषाद घसिया निषाद हेमंत निषाद आदि युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल हुए।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है



रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411